कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-**04.03.2023**

थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म व हत्या के मामले में वांछित 03 आरोपी गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व मे थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 106/23 धारा 363/376DB/377/302/201 भादवि व 5M/6 पॉक्सो एक्ट थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1- सनोज उर्फ राहुल सिंह पुत्र स्व0 छबीले सिंह निवासी पहलु का पूरा फुलवरिया थाना कैन्ट वाराणसी, 2- शुभम सिंह उर्फ पुप्पू पुत्र राजेश सिंह निवासी पहलु का पूरा फुलवरिया थाना कैन्ट वाराणसी व एक अन्य बाल अपचारी को आज दिनांक- 04.03.2023 को समय करीब 12.30 बजे निर्माणाधीन पुल फुलवरिया घोसियाना के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01/03/2023 को वादी मुकदमा द्वारा स्वयं की 11 वर्षीय पुत्री के लापता होने के संबध में थाना कैण्ट में तहरीर दिया था जिसके आधार पर मु0अ0सं0 106/2023 धारा 363 भादवि पंजीकृत होकर विवेचना प्रचलित थी। दिनांक 02.03.2023 को वादी की पुत्री का शव वादी के घर के बगल खण्डहर में मिलने की सूचना पर थाना कैण्ट पुलिस द्वारा पंचायतनामा व अन्य विधिक कार्यवाही करते हुये नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य सुसंगत साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376DB/377/302/201 भादवि व 5M/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर प्रभारी निरीक्षक कैण्ट द्वारा विवेचना की जा रही थी। विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्तगण उपरोक्त को आज दिनांक 04/03/2023 को निर्माणाधीन पुल फुवरिया घोसियाना से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1-सनोज उर्फ राहुल सिंह पुत्र स्व0 छबीले सिंह निवासी पहलु का पूरा फुलवरिया थाना कैन्ट वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष।

2- शुभम सिंह उर्फ पुप्पू पुत्र राजेश सिंह निवासी पहलु का पूरा फुलवरिया थाना कैन्ट वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

3- एक नफर बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रभुकान्त थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. निरीक्षक अपराध विजय कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. वरि0 उ0नि0 इन्द्रकान्त मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 सौरभ कुमार पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 राकेश कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. उ0नि0 राजकुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
7. उ0नि0 वैभव शुक्ला थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
8. उ0नि0 विवेक सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
9. हे0का0 सुधीर राय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
10. हे0का0 बृजविहारी ओझा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
11. का0 संजय कुमार यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
12. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
13. का0 प्रेमशंकर पटेल थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
14. का0 शैलेन्द्र कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
15. का0 विजय कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
16. चालक का0 पंकज राय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी